# 25. संवाद-लेखन

संवाद दो शब्दों के मेल से बना है– सम् + वाद। सम् का अर्थ है सम्यक रूप से तथा वाद का अर्थ है– कहा गया कथन। दो या दो से अधिक व्यक्तियों द्वारा की गई बातचीत को लिखना संवाद-लेखन कहलाता है। नाटक, एकांकी, फ़िल्म आदि में भी संवादों का प्रयोग किया जाता है।

## शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को संवाद के विषय में विस्तार से समझाएँ।
- सही एवं सटीक संवाद-लेखन के समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इससे छात्रों को अवगत करवाएँ।
- पाठ पृष्ठ पर दिए गए संवादों के उदाहरण पढ़वाएँ।
- श्यामपट्ट पर अन्य विषयों पर संवाद लिखकर दिखाएँ एवं छात्रों को भी छोटे-छोटे संवाद लिखने के लिए प्रेरित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक छात्र को संवाद-लेखन का बोध हो गया है।
- दिया गया अभ्यास करने में सहायता करें।
- अभ्यास जाँच कर छात्रों को उसमें हुई त्रुटियों को सुधारने के लिए कहें।